भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1110

13 दिसंबर, 2022 को उत्तरार्थ

विषय: ग्लाइफोसेट पर प्रतिबंध

1110. श्री घनश्याम सिंह लोधी:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या खरपतवारों को खत्म करने के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले शाकनाशी ग्लाइफोसेट के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके उपयोग के कारण मनुष्यों और पशुओं के स्वास्थ्य पर इसका क्या प्रभाव पाया गया है;

(ग) क्या प्रतिबंधित कीटनाशकों के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं; और

(घ) कंपनियों और खुदरा विक्रेताओं द्वारा इसके निर्माण और बिक्री को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (घ): कीटनाशक जहरीले पदार्थ होते हैं जो मानव स्वास्थ्य, पशु और पर्यावरण पर इसकी प्रभावकारिता और सुरक्षा के बारे में संतुष्ट होने के बाद ही पंजीकरण समिति द्वारा देश में उपयोग के लिए पंजीकृत किए जाते हैं। यदि पंजीकरण समिति द्वारा अनुमोदित लेबल और पत्रक के अनुसार कीटनाशकों का उपयोग किया जाए तो उनका मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। तदनुसार, ग्लाइफोसेट केवल चाय बागान और गैर-फसली क्षेत्र में उपयोग के लिए पंजीकृत किया गया है। भारत में ग्लाइफोसेट का उपयोग प्रतिबंधित नहीं है।

****